Ans. (a) – गवर्नर जनरल लॉर्ड विलियम बैंटिक ने 17 जनवरी 1832 ई. को अजमेर में राजपूत राजाओं से मुलाकात करने के लिए दरबार का आयोजन किया था। जिसमें छह प्रमुख राजपूत राजाओं ने भाग लिया था।

490. 'राजस्थान के राजपूत राजाओं का एक परिसंघ बना दिया जाए।' यह सुझाव किसने दिया-

(a) कर्नल टॉड (b) चार्ल्स मेटकॉफ
(c) केप्टन स्टीवर्ट (d) सर आरनाल्ड

JEN Mechanical Degree Exam Date : 21.8.2016

Ans. (b) – 'राजस्थान के राजपूत राजाओं का एक परिसंघ बना दिया जाए' यह सुझाव चालर्स मेटकॉफ ने दिया। वर्ष 1826 ई. में चार्ल्स मेटकॉफ द्वारा कंपनी सरकार की आज्ञा से भरतपुर पर प्रभुत्व स्थापित किया गया।

491. लॉर्ड लेक ने होल्कर, सिंधिया, अमीर खाँ की सम्मिलित सेना को कहाँ परास्त किया था-

(a) बैर (b) हनुमानगढ़
(c) टोंक (d) जोधपुर

Investigator Exam Date- 21.08.2016

Ans. (a) – लार्ड लेक ने होल्कर, सिंधिया, अमीर खाँ की सम्मिलित सेना को बैर के युद्ध में पराजित किया था। बैर का युद्ध सन् 1805 में लड़ा गया था। बैर, भरतपुर जिले में पड़ता है।

492. अंग्रेजों से संधि करने वाली प्रथम रियासत राजस्थान को कौनसी थी-

(a) जयपुर (b) उदयपुर
(c) जोधपुर (d) कोटा

Investigator Exam Date- 21.08.2016

Ans. (d) – कोटा रियासत ने 26 दिसम्बर 1817 को ब्रिटिश ईस्ट इण्डिया कम्पनी के साथ समझौते पर हस्ताक्षर कर ब्रिट्रिश साम्राज्य में विलय हो गया। जबकि जोधपुर 6 जनवरी 1818, उदयपुर 13 जनवरी 1818 तथा जयपुर 15 अप्रैल 1818 ई. में विलय हुए। अंग्रेजों से संधि करने वाली प्रथम रियासत भरतपुर 1803 थी।

493. चार्ल्स मेटकॉफ ....के रेजीडेण्ट थे।

(a) जयपुर (b) जोधपुर
(c) अजमेर (d) दिल्ली

हाथकरघा निरीक्षक (उद्योग विभाग) भर्ती परीक्षा -2018

Ans. (d) – भारतीय प्रेस के मुक्तिदाता कहे जाने वाले गवर्नर जनरल चार्ल्स मेटकॉक भारतीय गवर्नर (1835–36) के पूर्व 1813 ई. में दिल्ली में रेजीडेण्ट के पद पर भी रह चुके थे। साथ ही साथ कनाडा व जमैका में भी गवर्नर रहे हैं।

494. 1822 ई. में गठित मेरवाड़ा बटालियन का मुख्यालय था-

(a) नसीराबाद (b) देवली
(c) ब्यावर (d) जहाजपुर

VDO-2021 Exam Date 27.12.2021 Shift-I

Ans. (c) – कैप्टन एच.हॉल द्वारा वर्ष 1822 ई. में मेरवाड़ा स्थानीय बटालियन की स्थापना की थी। 1823 ई. में यह 14वीं स्थानीय बटालियन और 1826 ई. में 9वीं स्थानीय बटालियन बन गयी। फिर 1843 ई. में महरवाड़ा, बटालियन और अंत में 1903 ई. में 44वीं मेरवाड़ा इन्फैन्ट्री। जून 1921 में इस रेजिमेंट को भंग कर दिया गया।

495. किस गढ़ के लिए कर्नल जेम्स टॉड ने कहा था, ''यदि उन्हें राजस्थान में एक जागीर की पेशकश की जाए, तो वह इस गढ़ को चुनेंगे?''

(a) चित्तौड़गढ़ (b) भैंसरोड़गढ़
(c) नाहरगढ़ (d) रणथम्भौर

VDO-2021 (Exam Date. 28.12.21) Shift-IV

Ans. (b) – भैंसरोड़गढ़ के किले के बारे में कर्नल जेम्स टॉड ने कहा था कि ''यदि उन्हें राजस्थान में एक जागीर की पेशकश की जाए, तो वह भैंसरोड़गढ़ के किले को चुनेंगे। सन् 1857 की क्रांति के समय कोटा की सेना ने बगावत कर दी तब उस समय भैंसरोड़गढ़ के रावत ने कोटा महाराज की मदद की थी।

496. अंग्रेजों को 'मुल्क रा मीठा ठग' किसने कहा?

(a) शंकरदान सामौर ने
(b) बांकीदास ने
(c) केसरी सिंह बारहठ ने
(d) नाथूसिंह महियारिया ने

VDO-2021 (Exam Date. 28.12.21) Shift-IV

Ans. (a) – अंग्रेजों को 'मुल्क रा मीठा ठग' कवि शंकरदान सामौर ने कहा था। ये राष्ट्रीय भावना को आधार मानकर अपनी कविताएँ लिखते थे। शंकरदान सामौर ने ऊँचे सुर में देश की एकता, जातियों की एकता और धर्मों की एकता की आवाज बुलंद की।

497. गवर्नर जनरल लॉर्ड बैंटिक ने निम्न स्थलों पर सती प्रथा रोकने के आदेश दिए। निम्न में से कौन सा युग्म सही नहीं है-

(a) अलवरः 1830
(b) जयपुर : 1844
(c) डूँगरपुर : 1856
(d) जोधपुरः 1848

Complier Exam Date-21.08.2016

Ans. (c) – सही सुमेलित है–

सती प्रथा की गैर-कानूनी घोषित करने वाली रियासतें–

बीकानेर	–	1825
अलवर	–	1830
जयपुर	–	1844
डूंगरपुर	–	1844
जोधपुर	–	1848
कोटा	–	1848

498. क्रांतिकारी, जिसे महन्त प्यारेलाल हत्याकांड में सजा मिली थी–

(a) जोरावरसिंह (b) श्यामजी कृष्ण वर्मा
(c) केसरी सिंह बारहठ (d) विजयसिंह पथिक

उत्तर (c)

RPSC RAS/RTS 2018

व्याख्या- क्रांतिकारी केसरी सिंह बारहठ को महन्त प्यारे लाल हत्याकांड में सजा मिली। केसरी सिंह बारहठ एक कवि और स्वतन्त्रता सेनानी थे। इन्हें 21 मार्च, 1914 को गिरफ्तार किया गया और 20 साल के आजीवन कारावास की सजा हुई।